संख्या–cm-253
15/08/2024

महादलित टोला में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 15 अगस्त 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महादलित टोला में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल हुए। पटना जिला अंतर्गत दानापुर प्रखंड के लखनी बिगहा पंचायत स्थित लखनी बिगहा महादलित टोला में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में स्थानीय वयोवृद्ध श्री रामाशीष राम ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में झंडोत्तोलन किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को फूलों की बड़ी माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 78वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मैं आप सबको एवं समस्त बिहरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ। आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन का मुख्य कार्यक्रम पटना के गाँधी मैदान में आयोजित किया गया, उसके बाद आप लोगों के बीच यहाँ लखनी बिगहा महादलित टोला में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल हुआ हूँ। यह बहुत खुशी की बात है कि आज यहाँ इस महादलित टोला के सबसे वृद्ध व्यक्ति श्री रामशीष राम जी द्वारा झंडोत्तोलन किया गया है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 2011 से राज्य के सभी महादलित टोलों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और वर्ष 2012 से गणतन्त्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस झंडोत्तोलन कार्यक्रम में टोले के महादलित समुदाय के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति के द्वारा झण्डा फहराया जाता है। हर वर्ष आयोजित होनेवाले इस कार्यक्रम में पटना जिले के किसी एक स्थल पर हम शामिल होते रहे हैं। इस आयोजन में जिलों में प्रभारी मंत्री, जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य वरीय पदाधिकारी विभिन्न महादलित टोलों में हिस्सा लेते हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर स्थानीय लोगों को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाती है। मुझे बहुत खुशी है कि आज आपके बीच आने का मौका मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनी बिगहा में विकास के अनेकों काम कराये गए हैं और आपलोगों की जो भी मांगें थी उसे पूरा कराने के लिए हमलोगों ने तय कर दिया है। यहाँ 36 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए जमीन चिन्हित कर लिया गया है। लखनी बिगहा पंचायत में जीविका दीदियों के लिए 15 लाख रुपए की लागत से ग्राम संगठन भवन का निर्माण एवं 10 लाख रुपए की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र हेतु भवन निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहाँ के लोगों को जल–जमाव से निजात दिलाने हेतु 50 लाख रुपए की लागत से नाला निर्माण कराया जाएगा। हमारी कामना है कि समाज में आपसी सद्भाव और भाईचारा कायम रहे, बिहार प्रगति के पथ पर सदैव अग्रसर हो। बिहार को विकसित बनाने में आप सभी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। हमलोग हर क्षेत्र की तरक्की और सभी के विकास के लिए काम कर रहे हैं। हम सबकी इज्जत करते हैं। आज यहाँ श्री रामाशीष राम जी ने झंडोत्तोलन किया है, इसे आप सब दिन याद रखिएगा। आप सब आपस में मिल–जुलकर रहिए। आज के इस पावन अवसर पर हम सब संकल्प लें कि बिहार को

विकसित राज्य बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। मैं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक बार पुनः सभी बिहारवासियों को अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अंधापन निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत लाभुकों के बीच चश्मा वितरित किया। 37 सतत् जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों को 17 लाख 1 हजार रुपए का सांकेतिक चेक, स्वरोजगार हेतु 121 जीविका स्वयं सहायता समूहों के लाभार्थियों को 1 करोड़ 1 लाख 65 हजार रूपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत परिवार के कमाऊ सदस्य की हत्या के पश्चात् उनके आश्रित को विकास मित्र के पद हेतु नियोजन पत्र तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने सात निश्चय योजना अंतर्गत आर्थिक हल, युवाओं को बल कार्यक्रम के तहत स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड/कुशल युवा कार्यक्रम के लाभुकों को स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री जन–आरोग्य योजना के तहत 6 लाभुकों को आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभार्थियों को स्वीकृत राशि का सांकेतिक चेक वितरित किया।

इस अवसर पर विधान पार्षद श्री रवीन्द्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक श्री अरुण मांझी, पूर्व विधायक श्रीमती आशा सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पुलिस महानिरीक्षक पटना प्रक्षेत्र श्रीमती गरिमा मल्लिक, जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******